and Safipur (and not between Moradabad and Balamau) Railway Stations of Northern Railway on 29-10-77 in a private feud.

(b) Government Railway Police Unnao who registered this case, have since arrested 3 persons and efforts are being made to apprehend the remaining accused

**Code of Ethics for Judges**

*193 SHRI YASHWANT BOROLE Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state

(a) whether a code of ethics is sought to be framed for the judges in the country, and

(b) if so, the progress, if any, made in this regard?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI SHANTI BHUSHAN): (a) Government are not seeking to frame a Code of ethics for the Judges in the Country

(b) Does not arise

**गेडें आयरन एण्ड स्टील कम्पनी का बन्द होना**

*195. श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा : क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या गेडे आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड, हिरोडीह (कोडरमा), बिहार, को जबरन छुट्टी के नाम पर बन्द कर दिया गया है,

(ख) क्या केन्द्रीय उद्योग विभाग और बिहार सरकार द्वारा की गई जाच से पता चला है कि कम्पनी के निदेशक मडल ने 182 लाख रु० की राशि का दुर्विनियोग किया और जबरन छुट्टी से प्रभावित हुए, कमचारियों को क्षतिपूर्ति की कोई प्रदायगी अथवा जुलाई से लेकर उनके वेतनो की कोई प्रदायगी नही की गई है और प्रबन्धको ने लाखो रुपयो के मूल्य का तैयार माल बेच करके अनुचित लाभ कमाया,

(ग) क्या कम्पनी मे पूर्ण कुप्रबध और भ्रष्टाचार व्याप्त है और क्या कम्पनी की पूजी का 86 प्रतिशत अश भारतीय औद्योगिक विकास बैक, बम्बई का है और क्या वह रकम डूब रही है, और

(घ) यदि उपरोक्त (क) से (ग) भागो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार का विचार राष्ट्र उद्योग तथा श्रमिक वर्ग के हित मे समवाय अधिनियम, 1956 की धारा 408 के अधीन इस कम्पनी के प्रबध मडल का पुनर्गठन करके श्रमिको को सरक्षण देने का है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) (क) हिरोडीह, बिहार मे कम्पनी के कार्य मे 26 जुलाई 1976 से अस्थाई निलम्बन घोषित किया गया था ।

(ख) सदन के पटल पर एक विवरण-पत्र प्रस्तुत है ।

(ग) सदन के पटल पर एक विवरण-पत्र प्रस्तुत है ।

(घ) उपरोक्त भाग (ख के लिये दिये गये उत्तर की दृष्टि से, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 408 के अन्तर्गत कार्यवाही करने का प्रश्न इस स्तर पर विचाराधीन नही है ।

**विवरण**

(ख) इस विभाग के पास बिहार सरकार द्वारा की गई किसी जाच की बाबत कोई सूचना नही है । उद्योग मत्रालय द्वारा, उद्योग (विकास एव विनियम) अधिनियम के अन्तर्गत कम्पनी के कार्य-कलापो की कोई औपचारिक जाच नही की गई है । तथापि, कम्पनी अधिनियम, 1956 की